DEPARTMENT OF CIVIL, ENGINEERING
INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY (BHU), VARANASI - 221005

उन्नत भारत अभियान 2.0

उन्नत भारत अभियान शिक्षा मंत्रालय , भारत सरकार के ग्रामोत्थान की एक अभिनव परियोजना है, जिसमें विज्ञान और तकनीक के समन्वय से ग्रामीण परिवेश और आधारभूत संरचना को बेहतर, सुन्दर, विकसित और गतिशील बनाने कि प्रक्रिया है।

गॉधी जी ने कहा था "भारत गॉवों का देश है और भारत कि आत्मा गॉवों में निवास करती है"।

वर्तमान में देश की 70 प्रतिशत से भी ज्यादा जनसंख्या गॉवों में निवास करती है। भारत में 2011 की जनगणना के अनुसार 6,49,481 गॉव है। जिनके उत्थान और विकास में ही देश की प्रगति और समृद्धि निहित है।

उन्नत भारत अभियान के अन्तर्गत RCI, IIT (BHU) अपने चुने हुए गॉवों मे स्वास्थ्य, शिक्षा , पानी और सामाजिक जागरूकता पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमो के द्वारा सार्थक हस्तक्षेप कर रहा है। जिसमें RCI, IIT (BHU) से जुड़े PIs के साथ मिलकर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों में सहयोग प्रदान करता है।

भविष्य के लिए हमारी प्राथमिकताओं में जल की गुणवत्ता और उसके संरक्षण के साथ ही महिला सशक्ति करण के अन्तर्गत उनके शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सुरक्षा के सवाल को प्राथमिकता में रखते हुए उनके निराकरण की दिशा में सार्थक और सतत प्रयास करना। इसके अतिरिक्त सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्राथमिक स्तर पर सबके लिए शिक्षा के उपलब्धता को सुनिश्चित और सुगम बनाना। अधिक से अधिक कालेजो कों उन्नत भारत अभियान के तहत जोड़ना। हर जिले में प्रति माह एक कार्यक्रम आयोजित करना जिससे RCI और PIs के मध्य सार्थक संवाद और सम्बन्ध बना रहे।